**भारत की राष्ट्रपति**

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

**का**

**पुर्तगाल में भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में**

**संबोधन**

**लिस्बन, 8 अप्रैल, 2025**

पुर्तगाल की अपनी पहली राजकीय यात्रा के अवसर पर आज Lisbon के इस खूबसूरत शहर में आपसे मिलकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई। आज मेरे साथ राज्य मंत्री श्रीमती निमूबेन जयंतीभाई बांभनिया तथा सांसद श्री धवल पटेल और श्रीमती संध्या रे भी मौजूद हैं।

पुर्तगाल ऐसा देश है जिसके साथ हमारे ऐतिहासिक और घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। हमारे द्विपक्षीय संबंध समय के साथ और भी प्रगाढ़ हो रहे हैं। हमारे देश कई क्षेत्रों, जैसे व्यापार एवं वाणिज्य, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, प्रवास और संस्कृति, में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

यात्रा के दौरान, मैंने पुर्तगाल के राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और असेंबली के अध्यक्ष के साथ सार्थक चर्चा की। मुझे Lisbon के Mayor ने 'Keys to the City' भी सौंपी, जिसने मुझे एक मानद लिस्बोएटा बना दिया।

देवियो और सज्जनो,

पुर्तगाल में अपने लघु लेकिन अत्यंत सार्थक प्रवास के दौरान, मैंने भारत और पुर्तगाल के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को महसूस किया, जो भारतीय कला, संस्कृति एवं खान-पान, Yoga एवं Ayurveda की लोकप्रियता में देखे जा सकते हैं। मैंने यह भी देखा कि लिस्बन की कई सड़कों के नाम भारत से संबंधित हैं, जिनमें 'महात्मा गांधी एवेन्यू' भी शामिल है। मुझे गांधीजी और कस्तूरबा जी की भव्य प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मुझे आप सभी भारतीय प्रवासी, और भारत-पुर्तगाल समुदाय के सदस्य को देखकर बहुत खुशी हुई। भारत के कई हिस्सों से आकर, विभिन्न समुदायों का प्रतिनिधित्व करते हुए, आप न केवल भारत की विविधता को दर्शाते हैं, बल्कि हमारे महान देशों को जोड़ने वाले साझा मूल्यों - लोकतंत्र, बहुलवाद, भाईचारे की भावना का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। पुर्तगाल ऐसा देश है जो

सभी धर्मों और संस्कृतियों के लोगों को गले लगाता है और उनका गर्मजोशी से स्वागत करता है।

पुर्तगाल में भारतीय समुदाय राजनीति से लेकर व्यवसाय तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर साहित्य एवं पत्रकारिता तक, और मानव कार्यों से जुड़े अन्य सभी क्षेत्रों में मौजूद है। पुर्तगाल में भारतीय छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है जो विभिन्न विषयों में उच्च अध्ययन एवं शोध कर रहे हैं। मुझे आज कई शोधकर्ताओं के साथ बातचीत करके प्रसन्नता हुई।

आपमें से कुछ लोग यहीं पैदा हुए थे; अन्य लोग दशकों से यहां हैं, जबकि कुछ अन्य हाल ही में यहां आए हैं। महत्वपूर्ण यह है कि आप पुर्तगाल में भारत की भावना को जीवित रखते हुए एक समुदाय के रूप में एक साथ हैं। पुर्तगाल में आपके योगदान, तथा भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के आपके प्रयास, आपको हमारे देश का सच्चा राजदूत बनाते हैं। आप अपनी कड़ी मेहनत से सफलताएं और उपलब्धियां हासिल कर रहें हैं और भारत का नाम रोशन कर रहें हैं। आप हमारे लिए बहुत मूल्यवान हैं और हमें आप पर गर्व है। इस अवसर पर, मैं हमारे प्रवासी भारतीयों का स्वागत करने और उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए पुर्तगाल की सरकार और लोगों को धन्यवाद देती हूं।

देवियो और सज्जनो,

इस वर्ष, 2025, का विशेष महत्व है क्योंकि भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। पुर्तगाल के महामहिम राष्ट्रपति और मैंने कल इस वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष डाक टिकट जारी किया। यह उत्सव दोनों देशों के इतिहास और प्रगतिशील विचारों का भी उत्सव है। यह हमारे लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों, तथा भारत और पुर्तगाल दोनों के विचारों का उत्सव है। यह उत्सव विश्व शांति और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, और दोनों देशों के लोगों की समृद्धि और विकास के लिये एक-दूसरे को दिए जाने वाले समर्थन के लिए है।

देवियो और सज्जनो,

भारत आज परिवर्तनकारी पथ पर है। पिछले 10 वर्षों में भारत सरकार द्वारा की गई पहल, शासन व्यवस्था में परिवर्तन, और हमारे लोगों की रचनात्मक ऊर्जा को गतिशील करने में योगदान दे रही है। हम इस दशक के अंत तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। हम तेज गति से हो रहे विकास, तथा युवाओं की आकांक्षाओं के साथ तालमेल बिठाने के लिए, नई रूपरेखा का निर्माण कर रहे हैं।

इसके साथ ही, हम अभूतपूर्व वैश्विक परिवर्तन के समय में रह रहे हैं। जैसे-जैसे हम digital economy, technology, innovation, जलवायु परिवर्तन, और knowledge economy में leadership की भूमिका निभा रहे हैं, दुनिया हमारी ओर अधिक सम्मान और अपेक्षा के साथ देख रही है। जैसे-जैसे हम अधिक जिम्मेदारियां स्वीकार करते हैं, वैश्विक समस्याओं का समाधान के लिये काम करते हैं, दुनिया के साथ हमारे संबंधों में भारत के प्रवासियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

देवियो और सज्जनो,

इस रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय समुदाय को हमारे पुर्तगाली दोस्तों के साथ मिलकर काम करते देखना खुशी की बात है, चाहे वह शिक्षा, अनुसंधान और वैज्ञानिक सहयोग के माध्यम से हो, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना हो, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का वार्षिक आयोजन करना हो, या भारतीय नृत्य, संगीत, कला, दर्शन, भाषाओं और संस्कृति को बढ़ावा देना हो।

भारत सरकार अपने प्रवासी भारतीयों के साथ संबंध को और मजबूत करने और उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। “प्रवासी भारतीय दिवस” भारत सरकार के कैलेंडर में एक प्रमुख और उच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। हमारी सरकार ने प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए संकट के समय सहयोग के लिए कई पहलें की हैं। इसके अतिरिक्त, हमारे भारतीय Mission विदेश में हर भारतीय की सहायता करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि आप चाहे कहीं भी हों, आपकी मातृभूमि हमेशा आपके साथ है!

समापन से पहले, मैं पुर्तगाल के राष्ट्रपति महामहिम रेबेलो डीसूज़ा और पुर्तगाल की सरकार और लोगों को मुझे और मेरे प्रतिनिधिमंडल को दिए गए सौहार्दपूर्ण आतिथ्य के लिए धन्यवाद देती हूं। हम इस खूबसूरत देश की अपनी यात्रा की सुखद यादें अपने साथ ले जाएंगे। मैं अपनी जड़ों से जुड़े रहने, पुर्तगाल में भारतीय संस्कृति को जीवित रखने, भारत के प्रति अपने स्नेह, और भारतीय ध्वज को ऊंचा फहराए रखने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूं।

*जय हिंद! विवा पुर्तगाल!*

*धन्यवाद!*

***